**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1830**

**13 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**वस्त्र अवसंरचना**

**1830. श्री सी.एन. अन्नादुरई:**

**श्री धनुष एम. कुमार:**

**श्री रविकुमार डी.:**

**श्रीमती मंजुलता मंडल:**

**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**

**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**

**डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु, ओडिशा, महाराष्ट्र सहित देश में वस्त्र अवसंरचना में सुधार करने के लिए कदम उठाए हैं और राज्य में वस्त्र पार्कों या क्लस्टर की स्थापना करने में कितनी प्रगति हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) आधुनिक मशीनरी, उपकरण और प्रौद्योगिकियां को अपनाने को सुकर बनाने के लिए तमिलनाडु, ओडिशा, महाराष्ट्र सहित देश में वस्त्र विनिर्माताओं के लिए उपलब्ध वित्तीय प्रोत्साहनों, राजसहायताओं अथवा योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त वस्त्र पार्कों द्वारा उत्पादन कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान पीपीपी पद्धति के आधार पर बनाए गए एकीकृत वस्त्र पार्कों का ब्यौरा क्या है;

(ड़) विगत तीन वर्षों के दौरान वस्त्र पार्कों के लिए आवंटित/उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

(च) क्या सरकार इन राज्यों की सहायता और संवर्धन कर रही है;

(छ) यदि हां, तो स्थानीय वस्त्र उद्योग की निर्यात क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से बनाई गई योजनाओं, प्रोत्साहनों अथवा विपणन पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ज) क्या तमिलनाडु के विलुप्परम जिले सहित, ओडिशा और महाराष्ट्र में एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) अथवा वस्त्र उद्योग से संबंधित किसी अन्य योजना के अंतर्गत कोई वस्त्र पार्क स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्रीमती दर्शना जरदोश)**

**(क) से (छ):** सरकार महाराष्ट्र, तमिलनाडु और ओडिशा राज्यों सहित देश के सभी क्षेत्रों में वस्त्र मूल्य श्रृंखला के समग्र विकास के लिए कई योजनाएं/कार्यक्रम क्रियान्वित कर रही है। क्रियान्वयन के तहत कुछ योजनाओं में संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना, एकीकृत वस्त्र पार्क योजना, व्यापक विद्युतकरघा क्लस्टर विकास योजना, एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना, समर्थ (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना),

सिल्क समग्र, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम, एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन योजना, आदि शामिल हैं।

तमिलनाडु, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्यों में प्रदान किए गए योजना-वार लाभ इस प्रकार हैं: -

(i) एटीयूएफएस के तहत प्रदान किया गया लाभ

| **राज्य** | **जारी यूआईडी** | **परियोजना लागत (रूपये करोड़ में)** | **सहायता (रूपये करोड़ में)** | **रोजगार** |
|---|---|---|---|---|
| तमिलनाडु | 1,405 | 8,024.9 | 595.98 | 6,00,000 |
| महाराष्ट्र | 1,729 | 8,489.89 | 576.15 | 81,574 |
| ओडिशा | 3 | 122.9 | 2.19 | 12,472 |

(ii) एसआईटीपी के तहत वस्त्र पार्कों का विवरण

| **क्र.सं.** | **पार्क का नाम** | **परियोजना लागत** | **भारत सरकार का हिस्सा** | **पार्क की स्थिति** |
|---|---|---|---|---|
| | | **महाराष्ट्र** | | |
| 1 | मेट्रो हाई-टेक कोऑपरेटिव पार्क लिमिटेड | 100.80 | 40.00 | पूर्ण |
| 2 | बारामती हाई टेक टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | 108.52 | 40.00 | पूर्ण |
| 3 | दीसन इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड | 103.12 | 40.00 | पूर्ण |
| 4 | इस्लामपुर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | 102.39 | 40.00 | पूर्ण |
| 5 | लातूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | 102.61 | 40.00 | पूर्ण |
| 6 | अस्मिता इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड | 277.69 | 40.00 | पूर्ण |
| 7 | प्राइड इंडिया कोऑपरेटिव टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | 58.19 | 20.95 | पूर्ण |
| 8 | पूर्णा ग्लोबल टेक्सटाइल्स पार्क | 107.29 | 40.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| 9 | कलप्पना अवाडे टेक्सटाइल पार्क | 107.1 | 40.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| 10 | सत्यराज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क | 104.49 | 40.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| 11 | हिंगनघाट टेक्सटाइल पार्क | 108.38 | 40.00 | पूर्ण |
| 12 | श्री गणेश टेक्सटाइल पार्क | 104.03 | 40.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| | | **तमिलनाडु** | | |
| 1 | सीमा वस्त्र प्रसंस्करण केंद्र | 111.6 | 40.00 | क्रियाशील |
| 2 | पल्लदम हाई-टेक वीविंग पार्क | 55.42 | 22.17 | पूर्ण |
| 3 | कोमारपालयम हाई-टेक वीविंग पार्क | 31.33 | 12.53 | पूर्ण |
| 4 | करूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क | 116.1 | 40.00 | पूर्ण |
| 5 | मदुरै इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | 87.30 | 34.92 | पूर्ण |
| 6 | पेरारिग्नर अन्ना हैंडलूम सिल्क पार्क | 82.52 | 33.02 | क्रियाशील |
| 7 | पल्लवड़ा टेक्सटाइल पार्क | 106.58 | 40.00 | क्रियाशील |
| 8 | द ग्रेट इंडियन लिनन एंड टेक्सटाइल | 104.29 | 40.00 | क्रियाशील |

(iii) सीपीसीडीएस के तहत प्रदान किए गए लाभों का विवरण

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | परियोजना लागत | भारत सरकार का हिस्सा | पार्क की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र में इचलकरंजी पावरलूम मेगा क्लस्टर | 113.57 | 50 करोड़ | पूर्ण होने वाला है |
| 2 | तमिलनाडु में इरोड पावरलूम मेगा क्लस्टर | 145 करोड़ | 40 करोड़ | पूर्ण |

ओडिशा राज्य में एसआईटीपी और सीपीसीडीएस के तहत कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

पिछले 3 वर्षों में एसआईटीपी के तहत कोई नया वस्त्र पार्क स्वीकृत नहीं किया गया है। पिछले 3 वर्षों के दौरान तमिलनाडु और महाराष्ट्र को जारी की गई निधि का विवरण इस प्रकार है:-

| क्र.सं. | राज्य | वित्तीय वर्ष | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | कुल |
| 1 | तमिलनाडु | 2.5 | 5.49 | 0 | **7.99** |
| 2 | महाराष्ट्र | 14.2 | 20 | 10 | **44.2** |

**(ज):** सरकार ने 4,445 करोड़ रूपये के परिव्यय से प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्वस्तरीय अवसंरचना के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राऊनफील्ड साइटों में सात ( 7) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना के लिए मंजूरी दी है। 7 साइटों अर्थात तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) को पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए अंतिम रूप दिया गया है।

******